हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 27.9 डिग्री

न्यूनतम 5.0 डिग्री


11 18 थीम पर हुई ब्लॉक स्तरीय कानूनी साक्षरता..





12 युवाओं ने अग्निवीर सेना भर्ती में बहाया पसीना..




# आईजी पहुंचे रोहित धनखड़ के घर, बोले-अपराधी पकड़ से ज्यादा दूर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड में तेजी लाते हुए रोहतक रेंज के आईजी समरदीप सिंह गुरुवार सुबह स्वयं रोहित धनखड़ के गांव पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की।

उन्होंने परिवार को आश्वस्त किया कि पुलिस लगातार अपराधियों के बेहद करीब पहुंच रही है और जांच में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जा रही। आईजी की यह मुलाकात प्रदेश के डीजीपी ओपी सिंह के निर्देशों के बाद हुई, जिन्होंने हाल ही में पीड़ित परिवार और खाप प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान मामले की प्रगति पर सीधे निगरानी रखने की बात कही थी।

## समरदीप सिंह ने पीड़ित परिवार को दी पुलिस कार्रवाई की विस्तृत जानकारी

### डीजीपी ने दिए थे सीधे निर्देश



9 दिसंबर को राष्ट्रीय धनखड़ खाप, आसपास की पंचायतों और रोहित धनखड़ के परिजनों ने चंडीगढ़ में डीजीपी ओपी सिंह से मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान परिजनों ने स्पष्ट कहा था कि मामले में गति नहीं दिख रही है और असली अपराधियों को जल्द पकड़ा जाए। उन्होंने मांग रखी थी कि जांच को तेज किया जाए और महत्वपूर्ण आरोपियों को नामजद करने के बाद भी गिरफ्तारी न होने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इन चिंताओं पर डीजीपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आईजी समरदीप सिंह को निर्देश दिए थे कि वे स्वयं मौके पर जाकर परिवार से मिलें, जांच की प्रगति बताएं और एक सप्ताह की समय सीमा में आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। इसी निर्देश के कुछ ही दिनों बाद गुरुवार सुबह करीब 11 बजे आईजी रोहतक पहुंचे और रोहित धनखड़ के घर पर परिजनों से विस्तारपूर्वक बातचीत की।

### परिवार के साथ खड़ी है हरियाणा पुलिसः आईजी



आईजी ने रोहित की मां और अन्य परिजनों से मुलाकात कर जांच की वर्तमान स्थिति साझा की। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, सीमावर्ती जिलों और पड़ोसी राज्यों में भी खास निगरानी रखी जा रही है। नामजद आरोपियों के अलावा जिन व्यक्तियों पर शक है, उन सभी की गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर है। आईजी ने परिवार को यह भी भरोसा दिलाया कि तय समय सीमा से पहले भी गिरफ्तारी संभव है, क्योंकि पुलिस आरोपियों के करीब पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि परिवार को न्याय दिलाना पुलिस विभाग की प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार तेज कार्रवाई की जा रही है। मुलाकात के दौरान आईजी ने स्पष्ट कहा कि हरियाणा पुलिस इस हत्याकांड को बेहद गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ पुलिस विभाग पूरी मजबूती से खड़ा है। इस मामले में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी और हर आरोपी को कानून के कटघरे में लाया जाएगा। आईजी ने जांच टीमों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्तर पर चूक न हो और हर लीड पर कार्रवाई की जाए।

### परिवार ने आक्रोश को भी सामने रखा

मुलाकात के दौरान परिवार के सदस्यों ने अपने दर्द और आक्रोश को भी खुलकर सामने रखा। उन्होंने कहा कि अगर रोहित किसी विधायक, मंत्री या बड़े अफसर का बेटा होता, तो 24 घंटे के भीतर सभी आरोपी गिरफ्तार हो जाते। आम आदमी के बेटे की हत्या होने पर कार्रवाई में देरी क्यों होती है। परिवार ने यह भी कहा कि दोषियों को जल्द पकड़कर सख्त सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को इस तरह की पीड़ा न झेलनी पड़े।

### खाप व पंचायत प्रतिनिधियों को राहत

आईजी की इस मुलाकात से खाप प्रतिनिधियों और क्षेत्र के लोगों को भी यह संदेश गया कि प्रशासन मामले को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। खाप नेताओं ने कहा कि आईजी के आने से उम्मीद जगी है कि पुलिस अब निर्णायक कार्रवाई के बेहद करीब है।

## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्रों के सत्यापन का शेड्यूल तैयार

**रोहतक।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कृषि उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक ने बताया कि 1 से 10 दिसंबर तक सीआरएम 2025-26 के तहत जिन मशीनों के बिल विभागीय पोर्टल पर अपलोड किये जा चुके है। किसानों की मशीनों का भौतिक सत्यापन 12, 13 तथा 14 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी द्वारा किया जाएगा। सुबह 10 बजे आधार और ट्रैक्टर आरसी की ओरिजिनल प्रति साथ लेकर आये तथा मशीनों पर किसान का नाम, पिता का नाम, गांव का नाम, फोन नंबर तथा सीआरएम 2025-26 के तहत अनुदान में प्राप्त मशीन पर पेंट से लिखवा कर आएं।

### ब्रह्माकुमारीज सेंटर महम में शिविर 15 को

**महम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा में सोमवार 15 दिसंबर को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। बीके सुमन ने बताया कि सेंटर का यह तीसरा रक्तदान कैंप हैं। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इच्छुक रक्तदाता समय पर पहुंचकर रक्तदान कर सकते हैं। ओम शांति सेंटर महम की संचालिका बीके चेतना बहन ने अधिक से अधिक युवक युवतियों से रक्तदान की अपील की है।

### बिजली निगम कर्मियों की मीटिंग आज

**रोहतक।** हरियाणा बिजली पैंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक सीनियर सिटिजन क्लब, मानसरोवर पार्क रोहतक में सुबह 10 बजे होगी। यूनिट सचिव सुरेन्द्र चावला ने बताया कि कार्यकारिणी की नवीनतम गतिविधियों के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया जायेगा। वरिष्ठ पैंशनरों को 21 दिसम्बर सुबह दस बजे पंजाबी रामलीला ग्राउंड (धर्मशाला), प्रताप चौक नियर भिवानी स्टेंड पर सम्मानित किया जायेगा।

### बालिकाओं को किया जाएगा सम्मानित

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नेशनल गर्ल्ज चाइल्ड डे पर 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्य स्तर पर सामाजिक मुद्दों, शिक्षा, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य मुद्दों मीडिया एवं साहित्य में सराहनीय कार्य किया हो। वे नाम/आवेदन फार्म दस्तावेजो सहित प्रोफार्मा में भरकर जिला विकास भवन स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय कमरा संख्या 4 में 31 दिसंबर 2025 तक जमा करवाए।

### सही राम स्कूल में रक्तदान शिविर आज

**महम।** दी रॉयल ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा संचालिक सही राम स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय सही राम के 85वें जन्म दिवस के मौके पर स्कूल में 12 दिसंबर को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान बीरमती बामल कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। डॉ. प्रदीप भारद्वाज कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। शिविर सुबह 9 बजे शुरू होगा और दोपहर दो बजे तक चलेगा।

## दिनभर हड़ताल का अस्पतालों में दिखा खासा असर, 72 डाक्टर ड्यूटी से रहे नदारद

# देर रात डॉक्टरों की हड़ताल खत्म आज से मरीजों को मिलेगी राहत

■ एसोसिएशन का दावा 99 प्रतिशत सफल रही हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** नागरिक अस्पताल में गुरुवार को दवाई लेने वाले की लगी भीड़। *फोटो: हरिभूमि*

एचसीएमएसए के चिकित्सकों ने बृहस्पतिवार को चौथे दिन भी सरकारी अस्पतालों में हड़ताल रखी। सामान्य अस्पताल रोहतक सहित, कलानौर, महम, चिड़ी व सांपला में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई। कई ओपीडी में चिकित्सक ड्यूटी से गायब रहे।

जिनकी जगह पीजीआई और अन्य जगहों से आए चिकित्सकों ने उपचार किया। जिले के 172 चिकित्सकों में से 72 ड्यूटी से नदारद रहे। उधर, देर रात डाक्टरों की हड़ताल खत्म हो गई। अब आज से मरीजों को राहत मिलेगी। वहीं एसोसिएशन का दावा है कि चौथे दिन की हड़ताल में 99 प्रतिशत डॉक्टर्स शामिल हुए। ओपीडी, आपातकालीन सहित इंडोर सेवाओं में ड्यूटी नहीं दी गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी गई। उनका उपचार किया गया। आपातकालीन वार्ड में भी ड्यूटी करवाई गई। सामान्य अस्पताल में कई डॉक्टर ओपीडी में दिखाई नहीं दिए। उनकी जगह तैनात किए गए जूनियर डॉक्टर ने लोगों का उपचार किया। सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र और उनकी टीम अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची। महम, सांपला और कलानौर सहित अन्य सीएचसी, पीएचसी में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। डॉक्टर्स की हड़ताल की वजह से मरीज भी कम संख्या में उपचार करवाने के लिए अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। आपात स्थिति में मरीज सीधे पीजीआई या निजी अस्पतालों में इलाज के लिए गए। एचसीएमएसए ने प्रदेश में सोमवार से हड़ताल की शुरूआत की थी। इस दौरान चिकित्सकों ने ओपीडी, आपातकालीन, पोस्टमार्टम सहित अन्य ड्यूटी का बहिष्कार किया हुआ है।

**सोमवार से चल रही थी हड़ताल**



**रोहतक।** नागरिक अस्पताल में मरीज की जांच करते डॉक्टर। *फोटो: हरिभूमि*

### ये हैं मांगें

चिकित्सक एसोसिएशन और हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों के बीच मीटिंग हुई थी। इस दौरान अधिकारी एसएमओ की सीधी भर्ती पर रोक लगाने को राजी हो गए। लेकिन दूसरी मांग एसीपी पर अधिकारी सहमत नहीं हुए। हरियाणा के डॉक्टरों को पूरे करियर में तीन एसीपी मिलती है। एसोसिएशन तीन पर ही राजी है लेकिन वह इस पर अपग्रेडेशन चाहते हैं। दस साल पर उन्हें अभी 7600 ग्रेड पे मिलता है जबकि उनकी मांग आठ हजार की है। तीसरे ग्रेड पे पर 8700 मिलते हैं, एसोसिएशन की मांग 9500 रुपये की है। इस पर फिलहाल सहमति नहीं बन पाई है।

### 99 प्रतिशत डॉक्टर्स हड़ताल में शामिल

चौथे दिन 99 प्रतिशत डॉक्टर्स हड़ताल में शामिल रहे। जब तक सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करेगी वह हड़ताल पर रहेंगे। आने वाले दिनों में हड़ताल और ज्यादा तेज की जा सकती है। सरकार को उनकी मांगों को पूरा करना होगा। नहीं तो कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

*-डॉ विश्वजीत राठी, जिला प्रधान एचसीएमएसए*

### महम के नागरिक अस्पताल का हाल





**महम।** पर्ची बनवाने के लिए खिड़की के सामने लाइन में लगे मरीज।

## महमः हड़ताल से काम काज रहा प्रभावित

उपमंडल नागरिक अस्पताल में कुछ डॉक्टर जहां हड़ताल से दूरी बनाए हैं, वहीं ज्यादातर हड़ताल में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सीएमओ की सीधी भर्ती किए जाने के सरकार के फैसले से नाराज सरकारी डॉक्टर पिछले चार दिन से हड़ताल पर हैं। चौथे दिन महम के उपमंडल नागरिक अस्पताल के डॉक्टर भी हड़ताल पर रहे। कुछ डॉक्टर जहां हड़ताल से दूरी बनाए हुए हैं, वहीं ज्यादातर डॉक्टर हड़ताल में शामिल हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टरों के सहारे ओपीडी में आने वाले मरीजों की जांच करवाई जा रही है। बहुत से ऐसे मरीज हैं जो आयुर्वेदिक की बताए दूसरे डॉक्टरों से इलाज करवान पसंद करते हैं। उनको मजबूरी में आयुर्वेदिक डॉक्टरों से इलाज करवान पड़ रहा है। हालांकि रोजाना की तरह ही मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। पर्ची बनवाने के लिए खिड़की पर मरीरों की लंबी लाइन लगती है। हड़ताल को बेअसर बनाने के लिए सीएमओ खुद मेहनत करते हुए दिखाई दे रही हैं। काम काज प्रभावित न हो इसके लिए सभी स्टाफ सदस्यों को रोजाना निर्देश दिए जा रहे हैं।

■ आयुर्वेदिक डॉक्टरों से इलाज करवाने को मजबूर मरीज

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन

## पुलिस ने तीन युवकों को अवैध हथियारों सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए अलग-अलग स्थानों से तीन युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से कुल 3 देसी पिस्तौल और 6 जिंदा राउंड बरामद किए गए। सभी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अलग-अलग मामले दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### सांपला थाना पुलिस ने एक युवक को पकड़ा

थाना सांपला प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही प्रवेश की टीम ने नया बास क्षेत्र से एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया। आरोपी की पहचान सचिन पुत्र रमेश निवासी पाकस्मा के रुप में हुई। तलाशी में उसके पास से 1 देसी पिस्तौल बरामद की गई। सचिन के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।



### घिलौड चौकी पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा

थाना सदर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही पवन के नेतृत्व में पुलिस चौकी घिलौड की टीम काहनी जसिया चौक, एनएच-709 रोहतक गोहाना बाईपास पर नाकेबंदी कर रही थी। इसी दौरान रोहतक से गोहाना की ओर तेज रफ्तार में आती एक कार को शक के आधार पर रोका गया। जांच के दौरान कार सवार दोनों युवकों की पहचान नवीन पुत्र भरत निवासी भाकली जिला रेवाड़ी व धीरज उर्फ दुधिया पुत्र हवासिंह निवासी देहलावास गुलाबपुरा जिला रेवाड़ी के रुप में हुई। तलाशी में नवीन के पास से एक देसी पिस्तौल और 4 जिंदा राउंड, जबकि धीरज के पास से एक देसी पिस्तौल और 2 राउंड बरामद हुए। दोनों के खिलाफ थाना सदर में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। जांच प्रभारी पुलिस चौकी घिलौड के सब-इंस्पेक्टर मुकेश द्वारा की जा रही है।

### अभियान का उद्देश्य, अपराधियों पर शिकंजा

*पुलिस लगातार ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत विभिन्न क्षेत्रों में नाकेबंदी, गश्त और गहन जांच अभियान चलाकर अवैध हथियारों की रोकथाम कर रही है। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके और क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बनाए रखा जा सके।*

## वर्ष 2002 की मतदाता सूचियों का किया जा रहा मिलान

**रोहतक।** जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि भारत चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार बूथ स्तर अधिकारियों के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी के लिए वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का मिलान वर्ष 2002 की मतदाता सूची से किया जा रहा है। अभी तक राज्य में लगभग 95 लाख वर्तमान मतदाताओं का मिलान वर्ष 2002 की मतदाता सूची से किया जा चुका है। प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त कार्य को समय पर पूरा करने के लिए राज्य के सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। अभी तक मतदाताओं के मिलान के कार्य में फतेहाबाद (65.14 प्रतिशत), महेन्द्रगढ़ (64.27 प्रतिशत) व सिरसा (62.65 प्रतिशत) जिले राज्य में अव्वल स्थान पर है तथा पंचकूला (30.77 प्रतिशत), फरीदाबाद (21.06 प्रतिशत) व गुरुग्राम (15.29 प्रतिशत) जिले अभी पीछे चल रहे है। किसी वर्तमान मतदाता का विवरण वर्तमान विस निर्वाचन क्षेत्र की वर्ष 2002 की मतदाता सूची में नहीं मिल रहा है तो निर्वाचन आयोग की वेबसाइट **www.eci.gov.in** पर उपलब्ध सर्च यॉअर नेम इन लास्ट एसआईआर पर अपना व अपने रिश्तेदार का विवरण प्राप्त कर सकते है।

## नागरिक अस्पताल के कर्मियों ने किया योग



*महम। आयुष विभाग द्वारा उपमंडल नागरिक अस्पताल महम में एक योग कैंप लगाया गया। इस कैंप में अस्पताल के कर्मचारियों ने भाग लिया। आयुष योग टीचर विकास सिवाच ने सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों को योग की ट्रेनिंग दी। योग टीचर ने योग साधकों को बताया कि योग करने से व्यक्ति स्वस्थ्य रहता और बीमारियां नहीं लगती। जहां योग के जरिए शरीर को ठीक किया जाता है उसी प्रकार मेडिटेशन करके हम मानसिक स्वास्थ्य को भी ठीक कर सकते हैं। 25 नवंबर से सरकारी कार्यालयों में योग ब्रेक सेशन शुरू किए गए हैं। 21 दिसंबर को योग मेडिटेशन दिवस मनाया जाएगा।*

## कुलपति ने किया जाट कॉलेज और राजकीय महिला महाविद्यालय के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

प्रो. राजबीर सिंह ने पारदर्शी परीक्षा संचालन और नियमित स्टाफ की तैनाती के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने गुरुवार को रोहतक स्थित जाट कॉलेज और राजकीय महिला महाविद्यालय में संचालित 7 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित स्टाफ को परीक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षा केंद्रों में नकल के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने पर जोर देते हुए स्पष्ट कहा कि विश्वविद्यालय किसी भी तरह की परीक्षा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

### कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी निभाएंः प्रो. राजबीर सिंह



**रोहतक।** परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

*कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी को अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभानी चाहिए। कुलपति ने इस दौरान परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों की भी हौसला अफजाई की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे परीक्षा में पूरी ईमानदारी से हिस्सा लें और अनुशासन का पालन करें। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की प्राथमिकता विद्यार्थियों को निष्पक्ष, सुरक्षित और तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। कुलपति के इस दौरे में डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि, चीफ कंसल्टेंट एग्जामिनेशन प्रो. महाबीर धनखड़ और जनसम्पर्क अधिकारी पंकज नैन साथ रहे।*

### प्राचार्यों की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को कुलपति ने सराहा


जाट कॉलेज में प्राचार्य डॉ. जोगिन्द्र सिंह दहिया ने तथा राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने परीक्षा व्यवस्था के बारे में ब्यौरा दिया। निरीक्षण के दौरान कॉलेज प्राचार्यों द्वारा की गई उत्कृष्ट परीक्षा व्यवस्थाओं की कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सराहना की और कहा कि इस प्रकार की तत्परता परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को मजबूत करती है। कुलपति ने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर अधिक संख्या में नियमित स्टाफ की तैनाती की जाए। नियमित कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित होने से परीक्षा संचालन अधिक विश्वसनीय, अनुशासित और सुचारू होती है।

अमेजिंग

शिखर चंद जैन

# ये हैं दुनिया के सुपर कोल्ड प्लेसेस

बच्चो, जाड़े के मौसम में जब टेंपरेचर 5-10 डिग्री सेल्सियस के आस-पास तक पहुंच जाता है तो हमें जोरों की ठंड लगने लगती है। जरा सोचो, अगर टेंपरेचर माइनस 80-90 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाए, तो क्या होगा? सोचकर ही कंपकंपी छूट गई न! दुनिया की कुछ ऐसी ही जगहों के बारे में हम बता रहे हैं, जहां पड़ती है कड़ाके की ठंड।



## याकुत्स्क-साइबेरिया रूस



**रूस के** साइबेरिया में स्थित याकुत्स्क शहर दिसंबर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 से -41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच जाता है। यहां महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी मिलती है। याकुत्स्क को दुनिया का सबसे कम तापमान वाले शहर का खिताब मिला हुआ है। 5 फरवरी 1891 को यहां अब तक का सबसे कम तापमान -64.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। याकुत्स्क में पर्माफ्रॉस्ट का अनुभव होता है। पर्माफ्रॉस्ट का मतलब ठंडे तापमान के कारण जमीन का स्थायी रूप से जम जाना होता है। इस शहर की कुल आबादी 3 लाख 55 हजार है। *



## पूर्वी अंटार्कटिक पठार अंटार्कटिका

**पूर्वी अंटार्कटिक** पठार, जिसे अंटार्कटिक पठार या किंग हाकोन सेवेन पठार भी कहा जाता है, पूर्वी अंटार्कटिका के लगभग दो-तिहाई हिस्से में फैला हुआ है। यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है। यहां अब तक का न्यूनतम तापमान -94.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसकी जलवायु अत्यधिक ठंडी और शुष्क है। यह एक विशाल महाद्वीपीय पठार है, जो लगभग 3,000 मीटर (9,800 फीट) की औसत ऊंचाई पर स्थित है। यह पठार एक मोटी, स्थाई बर्फ की चादर से ढंका हुआ है, जिसकी मोटाई कुछ जगहों पर साढ़े चार किलोमीटर तक हो सकती है। अत्यधिक ठंड के कारण यहां कोई जीव-जंतु नहीं पाए जाते हैं। यहां के कुछ तटीय क्षेत्रों को छोड़कर, वनस्पतियों के रूप में केवल लाइकेन और मॉस ही पाए जाते हैं। *



## वोस्तोक स्टेशन अंटार्कटिका

**वोस्तोक अनुसंधान** केंद्र की स्थापना सोवियत संघ (पूर्व में रूस और कुछ अन्य देशों का संघ) ने 1957 में की थी। दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, दक्षिणी गोलार्ध के इस क्षेत्र में जुलाई 1983 में अब तक का न्यूनतम तापमान -89.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। यहां प्रति वर्ष लगभग 20 मिलीमीटर वर्षा होती है, लेकिन यहां पानी नहीं बर्फ बरसती है। *

## क्लिंक स्टेशन ग्रीनलैंड

**क्लिंक मौसम** केंद्र, आर्कटिक सर्कल का सबसे ठंडा स्थान है। मध्य ग्रीनलैंड में स्थित क्लिंक स्टेशन में साल 1991 के दिसंबर में -69.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जो ओम्याकॉन के पिछले रिकॉर्ड से -2 डिग्री सेल्सियस कम है। बच्चो, चिंता की बात यह है कि अत्यधिक ठंड के बावजूद, ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रीनलैंड की अधिकांश बर्फ पिघल रही है। *





## ओम्याकॉन-साइबेरिया रूस

**आर्कटिक सर्कल** के उत्तरी ध्रुव पर स्थित ओम्याकॉन पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थाई रूप से बसा हुआ स्थान है। 1933 में यहां का न्यूनतम तापमान -67.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यहां सर्दियों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। 500 से कम आबादी वाले इस शहर में स्कूल केवल तभी बंद होते हैं, जब तापमान -55 डिग्री सेल्सियस से कम हो। यहां की अत्यधिक ठंड का एक कारण यह है कि यहां की पहाड़ियां ठंडी हवा को अंदर आने देती हैं और गर्म हवा को बाहर रखती हैं। इसके अतिरिक्त, दिन के समय यहां बहुत कम उजाला रहता है, जिससे तापमान और भी गिर जाता है। *

## एमंडसन-स्कॉट स्टेशन अंटार्कटिका

दक्षिणी ध्रुव पर स्थित, एमंडसन-स्कॉट स्टेशन 1956 में बनाया गया था। यहां गर्मियों में छह महीने धूप और सर्दियों में छह महीने पूरी तरह अंधकार



रहता है। पूर्वी अंटार्कटिक पठार के इस हिस्से में जून 1982 में सबसे कम तापमान -82.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस स्टेशन का औसत वार्षिक तापमान लगभग -49.4 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। यह दुनिया के सबसे दक्षिणी अनुसंधान केंद्रों में से एक है, जो अंटार्कटिका के ठंडे वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यहां खगोल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और जलवायु परिवर्तन जैसे विविध विषयों पर शोध किए जाते हैं। *

# न ही नीला, न ही गाय फिर क्यों कहते हैं नीलगाय?

बच्चो, नीलगाय का नाम सुनकर ऐसा लगता है जैसे, यह कोई ऐसी गाय होगी, जिसका रंग नीला होता होगा। या नीले रंग की गाय होती होगी। लेकिन ऐसा नहीं है! जानो, नीलगाय के बारे में कुछ बातें।



जीव जंतु

नयनतारा

बच्चो, नीलगाय एक ऐसा जानवर है, जिसका नाम उसके गुणों से मेल नहीं खाता। नीलगाय न तो नीला होता है और न ही यह गाय है। तो फिर इस पशु को नीलगाय क्यों कहते हैं? क्या हैं इसकी शारीरिक विशेषताएं, जानो।



**रंग अलग-रूप अलग:** नीलगाय के शारीरिक रंग की बात करें तो इसका रंग इसके नाम के अनुरूप नीला नहीं, बल्कि स्लेटी या धूसर होता है। दूसरी बात कि यह गाय जैसा नहीं बल्कि घोड़े की तरह दिखाई देता है। हालांकि यह घोड़े की तरह तेज नहीं दौड़ पाता। ऐसा इसलिए, क्योंकि नीलगाय का पिछला हिस्सा अगले हिस्से से कम ऊंचा होता है।

**नीलगाय नाम क्यों पड़ा:** बच्चो, तुम सोच रहे होगे कि कलर और शारीरिक संरचना में इतना अंतर होने के बावजूद इसका नाम 'नीलगाय' क्यों पड़ा? दरअसल, इसका स्लेटी या धूसर रंग दूर से देखने पर 'नीला' दिखाई देता है। रंग की बात समझने के बाद अब यह भी जान लो कि इसके नाम में 'गाय' क्यों जोड़ा गया? इसका कारण यह है कि मादा नीलगाय अपने भूरे रंग के कारण गाय की तरह दिखती है। इन्हीं दो कारणों से इसे नीलगाय कहा जाता है। वैसे वैज्ञानिक तौर पर इसे हिरण परिवार का सदस्य माना जाता है।

**क्या नीलगाय हिंसक होता है:** बच्चो, हर जीव-जंतु की अपनी एक विशेषता होती है। कुछ काफी खतरनाक होते हैं, तो कुछ का स्वभाव बेहद शांत होता है। नीलगाय की बात करें, तो यह आमतौर से शांत स्वभाव का पशु है। लेकिन इसे छेड़ने पर यह घोड़े की तरह दुलत्ती भी मार सकता है। वैसे, नीलगाय दूर से देखने में बहुत ही प्यारा लगता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## बाल गीतों का मनभावन संग्रह

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए शिशु और बाल गीतों का एक प्यारा-सा संग्रह आया है, नाम है-कुहू। इसके रचनाकार हैं राजा चौरसिया। इस संग्रह में कुल 40 गीत संकलित हैं। इस संग्रह में गीतों का संकलन कुछ ऐसा है कि इसे पढ़-सुनकर हर उम्र के बच्चे को आनंद आएगा। इसमें अलग-अलग विषयों पर गीत हैं। 'कुहू', 'बंदर और बंदरिया', 'गोलू और गधा', 'तुलसी', 'भूमि की महिमा', 'ज्ञान और विज्ञान', 'ओ पापा!', 'मम्मी ने कहा', 'ओ मेरी नानी!', 'दादा जी', 'हम', 'होली आई रे!', 'उत्सवी उत्साह' जैसे गीत तुम्हें खूब भाएंगे। इनमें से कुछ में तुम्हें प्रकृति और पर्व-त्योहार की झलक मिलेगी। कुछ गीत तुम्हें प्यारी-सी सीख भी देंगे। संग्रह में 'कुहू' जैसे कुछ गीत बहुत ही छोटे हैं तो 'बचपन के दिन : ताक-धिनाधिन' जैसे थोड़े बड़े गीत भी हैं। इन गीतों को पढ़कर, गुनगुनाकर, अपने छोटे भाई-बहनों को सुनाकर तुम्हें बहुत मजा आएगा। इस संकलन में बाल गीतों के साथ उनसे मेल खाते सुंदर और मोहक चित्र भी छपे हैं। *



**किताब :** कुहू (शिशु एवं बाल गीत), **लेखक :** राजा चौरसिया, **मूल्य :** 125 रुपए, **प्रकाशक :** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## बूझो तो जानें





1. कांच के लेंस में मैं बैठा हूं
दूर को पास दिखाता हूं।
गगन, चंद्रमा,नक्षत्रों के
गुप्त रहस्य बताता हूं।

2. न जल हूं, न कोई धार
फिर भी बहती हर घर-बार।
चमक दिखाऊं, काम कराऊं
मुझसे चलें मशीन हजार।

3. आंखों को न दिखाई देती
रहूं रात-दिन सबके पास।
पेड़ों की पत्तियां हिलाती
मुझसे ही लेते सब श्वास।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.दूरबीन, 2.बिजली, 3.हवा



## जीके क्विज-183

1. वर्ष 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के किस राज्य में आयोजित किया जाएगा?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. चींटियों के काटने से किस एसिड के कारण जलन होती है?
4. फिडे वर्ल्ड कप का संबंध किस खेल से है?
5. दुनिया में सबसे अधिक ज्वालामुखी (वॉल्केनो) वाला देश कौन-सा है?
6. एफिल टॉवर किस शहर में स्थित है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे?
8. सुभाष चंद्र बोस को सबसे पहले 'नेताजी' किसने कहा था?
9. मिट्टी का अध्ययन क्या कहलाता है?
10. वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?



बच्चो, जीके क्विज-183 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-182 का उत्तर :** 1. गुरु तेग बहादुर, 2. लक्ष्य सेन, 3. आरिफ मोहम्मद खान, 4.तिरुवनंतपुरम, 5. हरिवंश राय बच्चन, 6.प्रोपेन और ब्यूटेन, 7.विटामिन-डी, 8.नेपाल, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.सहारा

**जीके क्विज-182 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, कनिका-रायपुर, अमन-दुर्ग, विकास-रोहतक, कार्तिक-महासमुंद, प्रवीण-बिलासपुर, रजत-भोपाल




कहानी

अंजना मनोज गर्ग

ठिठुरती सर्दी में गोलू रजाई में मुंह ढंके लेटा था। उसका स्कूल जाने का जरा भी मन नहीं था। तभी उसे लगा, उसकी रजाई उससे स्कूल जाने के लिए बोल रही है। गोलू को आश्चर्य हुआ कि रजाई बोल भी सकती है! क्या रजाई सचमुच गोलू से कुछ बोल रही थी, कोई सीख दे रही थी? पढ़ो, मजेदार कहानी।

# रजाई की सीख



एआई इमेज

सुबह के सात बज गए थे। गोलू था कि रजाई में से निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था। मम्मी, रसोई में खाना बनाते हुए उसे जगाने के लिए बार-बार आवाज लगा रही थीं, लेकिन उसका रजाई से बाहर निकलने का मन नहीं हो रहा था। बाहर बहुत तेज सर्दी थी। उसके लिए स्कूल जाना और भी कठिन था।

'मम्मी अभी आएंगी, मीठी-मीठी बातें करेंगी और झट से रजाई हटाकर मुझे तैयार करके स्कूल भेज देंगी। उफ! इतनी सर्दी है, मैं स्कूल नहीं जाऊंगा।' गोलू रजाई के भीतर मन ही मन बुदबुदाया।

'क्या बुदबुदा रहे हो गोलू?' एक आवाज आई।

'हुं..ह.. कौन!' एकदम से आई आवाज से गोलू चौंका। उसने रजाई से सिर बाहर निकाल कर देखा, बाहर कोई नहीं था।

'अरे! बाहर क्या देख रहे हो गोलू? मैं यहां तुम्हारी रजाई बोल रही हूं।' हंसती हुई रजाई कुछ फैल गई।

गोलू सकपकाया, धीमे से बोला, 'तुम बोलती भी हो!'

'हां, मुझे बोलना पड़ता है, जब गोलू जैसे बच्चे मेरा गलत फायदा उठाते हैं।' रजाई प्यार से बोली।

'अरे, मैंने क्या गलत फायदा उठाया तुम्हारा?' गोलू ने चिढ़ते हुए रजाई से पूछा। 'देखो तो दिन चढ़ आया है। तुम्हारे स्कूल जाने का समय भी हो रहा है। तुम्हारी मम्मी तुम्हें जगाने के लिए कितनी देर से आवाज लगा रही हैं, लेकिन तुम हो कि मुझे छोड़ना ही नहीं चाहते हो।' रजाई बोली।

'सर्दी कितनी तेज है, ऐसे में स्कूल कैसे जाऊं? तुम्हीं बताओ रजाई।' गोलू ने अपनी बात रखी।

'ओह तो ये बात है! अच्छा गोलू, एक बात बताओ, अगर मम्मी भी सर्दी में मुझमें दुबकी रहें, पापा भी ऑफिस न जाएं और दूध वाला, सब्जी वाला, अखबार वाला और भी सभी लोग मुझमें यह सोचकर दुबके रहें-भई सर्दी बहुत ज्यादा है, हम कोई काम नहीं करेंगे, फिर?' रजाई ने गोलू से सवाल किया।

'अरे! रजाई, अगर मम्मी खाना नहीं बनाएंगी तो मैं, छोटी, पापा सब भूखे रह जाएंगे न।' नन्हे गोलू का ध्यान किसी में नहीं बस मम्मी पर ही अटका था।

गोलू की इस मासूमियत पर रजाई जोर से हंस पड़ी, उसने पूछा, 'और बाकी सब?'

'वो तो उनके अपने काम हैं, उनको तो करने ही हैं। लेकिन मैं तो अभी छोटा हूं न!' गोलू मुंह बना कर बोला।

'छोटे हो, तभी तो तुम्हें केवल एक ही काम करना है, स्कूल जाकर पढ़ाई। बाकी सारे काम तुम्हारे मम्मी-पापा कर ही रहे हैं।' रजाई ने गोलू से कहा।

'हां! अब मैं समझ गया, रजाई।' सिर झुकाए-झुकाए गोलू बोला।

'क्या समझे?' रजाई ने मुस्कुराते हुए जानना चाहा।

'यही कि मुझे रोजाना समय पर तैयार होकर स्कूल जाना चाहिए, चाहे कितनी ही सर्दी हो।' गोलू उत्साह से बोला।

'हां, वेरी गुड! तो अब पहला काम तुम्हें क्या करना है?' रजाई ने गोलू का मन टटोला।

गोलू तुरंत बोला, 'मुझे अभी आपको छोड़कर स्कूल जाना होगा, लेकिन इतनी सर्दी...!'

'तो मैं हूं ना, जब तुम स्कूल से आओगे तो मैं अपनी गर्म-गर्म गोद में तुम्हें फिर से समेट लूंगी, मेरे प्यारे गोलू।' गोलू की बात पूरी होने से पहले ही रजाई बोल पड़ी।

तभी गोलू ने जैसे ही रजाई से सिर निकाला तो पाया कि मम्मी उसे जगा ही रही हैं।

'ओह, तो यह मैं सपना देख रहा था! लेकिन कुछ भी हो, रजाई ने सीख अच्छी दी।' गोलू मन ही मन बोला।

गोलू स्कूल के लिए तैयार हुआ तो बेड पर तह बनी रजाई उसे दिखाई दी। उसे लगा, स्कूल के लिए तैयार होते देखकर रजाई मुस्कुरा रही है। *

कविता

मीरा सिंह 'मीरा'



## लाल परी

सपने में मिलने आई कल
प्यारी एक परी।
सुंदर-सुंदर पंखों वाली
लेकर हाथ छड़ी।।
पूछा मैंने नाम बताओ
बोली लाल परी।
लाल रंग के कपड़े पहनी
आंखें बड़ी-बड़ी।।
कानों में हंसकर वह बोली
बाहर तो निकलो।
परी लोक की सैर कराऊं
तुम भी साथ चलो।।
उड़ती-उड़ती जा पहुंची कल
परी लोक सच में।
पेड़ लगे थे चॉकलेट के
बागों में कितने।।

## रंग भरो-191



**रंग भरो-191** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



आशना, जांजगीर



अनन्या, महासमुंद



अंकित, धमतरी



अवनी, रायपुर




पयोनिधि, अंबिकापुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

डॉली-दुर्ग, प्रियंका-रायपुर, रितेश-मटियारी, डॉली-मटियारी, समृद्धि-शहडोल, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, सोनम-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, अंकुश-करनाल, तुषार-बिलासपुर, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 192





बच्चो, यहां अपने क्यूट-से टेडी बियर को गोद में लेकर बैठी एक लड़की का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**

### आईएमटी में लगाया गया रक्तदान शिविर

**रोहतक।** गुरुदेव बावा प्रेम दास महाराज के पावन आशीर्वाद से आईएमटी में रक्तदान के शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता राष्ट्र देवो भव मिशन के संस्थापक संत बावा सुखा शाह महाराज ने की। शिविर एमटी ऑटोक्राफट सिस्टम्स लि. के अध्यक्ष अनिल सहगल के जन्म दिन पर आयोजित किया गया। जिसमें गुरुप्रीत रक्तदानी ने तीसरी बार एवं दिनेश कौशिक ने पांचवी बार रक्तदान किया। सिविल अस्पताल, ब्लड बैंक रोहतक के सौजन्य से 43 रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया। बावा सूखा शाह एवं संजीव मग्गू ने रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र व बैज दे कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान डा. रवि रंगा, भूमिका, प्रीति आदि मौजूद रहे।

### नशा शरीर ही नहीं, मन के लिए भी घातक

**रोहतक।** नशा एक ऐसी बीमारी है जो हमारे शरीर और मन को नुकसान पहुंचाती है। यह हमारे परिवार, समाज, और देश के लिए एक बड़ा खतरा है। नशे के कारण, हम अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पाते, हमारे रिश्ते खराब हो जाते हैं, और हमारे स्वास्थ्य पर भी इसका बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ता है। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल का। उन्होंने गुरुवार को नशा मुक्त भारत पर हस्ताक्षर अभियान चला रहीं रोहतक की स्वीटी मलिक के अभियान से जुड़कर नशा मुक्त मुहिम के हित में हस्ताक्षर किए।

### महा-रैली में हरियाणा की गर्जना सुनाई देगी : बत्रा

**रोहतक।** विधायक भारत भूषण बत्रा ने बृहस्पतिवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में शहरी कांग्रेस पदाधिकारियों , सेवादल,महिला प्रकोष्ठ एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत बैठक की। यह बैठक 14 तारीख को दिल्ली में कांग्रेस द्वारा आयोजित "वोट चोर गद्दी छोड़" महा-रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित की गई थी। बत्रा ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार वोट चोरी से बनी है और जनता इसका जवाब देगी। विधायक बत्रा नेबैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यह रैली सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और जनता की आवाज को बुलंद करने का ऐतिहासिक अवसर है।

# गौकर्ण तीर्थ में श्री भक्तमाल कथा का तृतीय दिवस भक्तिरस से सराबोर रहा

## स्वामी कपिल पुरी महाराज के पावन सान्निध्य में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सत्संग और श्रद्धा से अभिभूत गौकर्ण धाम गुरुवार को अद्भुत आध्यात्मिक आभा से दिप्त हो उठा, जब श्रीमद्भक्तमाल कथा का तृतीय दिवस आरंभ हुआ। स्वामी कपिल पुरी महाराज के पावन सानिध्य में चल रही इस दिव्य कथा में देशभर से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति, ज्ञान और प्रेम का अमृत रस पान किया। कथा स्थल पर भक्तों का विशाल जनसैलाब उपस्थित रहा, जिसने यह दर्शाया कि भक्ति के पथ पर मानवता सदैव संगठित होकर चलती है।

कथा के तीसरे दिन रसिक संत चित्र विचित्र बिहारी दास महाराज ने अपनी वाणी में गहरी आध्यात्मिक अनुभूति का संचार करते हुए 'भक्त महिमा', 'नाम महिमा' और 'वृंदावन धाम की महिमा' का मनमोहक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सच्चे संत, वैष्णव और गुरुजनों के प्रति अटूट श्रद्धा रखने वाला ही वास्तव में भगवत्प्राप्ति का अधिकारी होता है। उनका कथन था"नाम ही सच्चा साथी और भक्ति ही जीवन का सर्वोत्तम मार्ग है।" संत बिहारी दास ने अनेक भावनात्मक प्रसंगों और भक्त-चरित्रों के माध्यम से यह संदेश दिया कि जब मनुष्य अपने जीवन को ईश्वर की आराधना और सेवा में समर्पित करता है, तो उसके सारे कष्ट मिट जाते हैं और जीवन दिव्यता से भर उठता है। उनकी रसपूर्ण कथा वाणी ने श्रोताओं को मोह लिया और संपूर्ण वातावरण 'हरे कृष्ण' के संकीर्तन से गूंज उठा।





### भजनों ने भक्तिमय वातावरण रचा

कथा के मध्य में गाए गए कई भावपूर्ण भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन मंडली के साथ हरिनाम संकीर्तन गाते हुए भक्तों के चेहरे पर प्रसन्नता, तृप्ति और समर्पण का अद्भुत संगम झलक रहा था। कथा स्थल के चारों ओर दीपों की श्रृंखला और पुष्प सज्जा से पूरा परिसर किसी दिव्य लोक का आभास दे रहा था।

### कथा से जन-जन हुआ धन्य, मिला आध्यात्मिक आलोक

विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि इस कथा से जन-जन को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त हो रहा है। दूरस्थ प्रदेशों से आए श्रद्धालु तो आत्मिक आनंद से अभिभूत थे ही, लेकिन हरियाणा के रोहतकवासियों में भी अपार उल्लास और गर्व का माहौल देखने को मिला। समापन पर स्वामी कपिल पुरी महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वचन देते हुए कहा जब मनुष्य का जीवन पूर्णतः परमात्मा की भक्ति में समर्पित हो जाता है, तब वह जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त होकर ईश्वर के परम धाम की प्राप्ति करता है। यही सच्ची भगवद् साधना और आध्यात्मिक सफलता है।

## फील्ड निरीक्षणों को मजबूत व पारदर्शिता एवं जवाबदेही के उच्च स्तर को बनाए रखने के निर्देश

# अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को करें तेज : उपायुक्त

*डीसी सचिन गुप्ता ने विकास एवं पंचायत, जिला परिषद, पंचायतीराज, क्रीड के कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।*

**योजना का लाभ पात्र नागरिकों को अविलंब पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी खंडों में ग्रामीण विकास कार्यों के निष्पादन में तेजी लाई जाए। प्रत्येक कल्याणकारी योजना का लाभ पात्र नागरिकों को अविलंब पहुंचाना सुनिश्चित किया जाये। एमआईएस अपडेट सटीक एवं समय पर किए जाएं तथा फाइलों का प्रोसेस केवल ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। फील्ड निरीक्षणों को मजबूत किया जाए और पारदर्शिता एवं जवाबदेही के उच्च स्तर को बनाए रखा जाए। डीसी लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

डीसी सचिन गुप्ता ने विकास एवं पंचायत, जिला परिषद, पंचायतीराज, क्रीड के कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गोबरधन योजना के तहत खरावड़ गांव स्थित गऊशाला में शुरू किए गए गोबर गैस प्रोजेक्ट की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने ग्राम पंचायतों में घर-घर कचरा एकत्रित करने के प्रबंधों की भी समीक्षा की। जिला के पांचों खंडों में 19 ग्राम पंचायतों में घर-घर कचरा एकत्रित किया जा रहा है।



**रोहतक।** संबंधित अधिकारियों के साथ ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता

### कार्य में कोई भी कमी बर्दाश्त नहीं होगी

उपायुक्त ने विभागों को वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं, रास्ता निर्माण कार्यों, पौधारोपण तथा रोजगार-उन्मुख गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर मिशन चरण दो की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 120 सरोवरों के मौजूदा लक्ष्य को बनाए रखें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं होगी। जिला की क्षमता के आधार पर लक्ष्य में वृद्धि की जाये तथा सभी चिन्हित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करें। भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की माहवार तुलना की जाये।

### हाईवे की सभी सेंट्रल वर्ज पर पौधरोपण किया जाए

डीसी ने कहा कि चयनित गांवों में आवश्यक सेवाओं का 100 प्रतिशत सैचुरेशन हासिल किया जाएं, जिसमें स्वच्छता, पेयजल, पेंशन कवरेज, आधारभूत ढांचा उन्नयन, कचरा प्रबंधन तथा सक्रिय ग्राम सभा सहभागिता शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक खंड जल्द से जल्द कम से कम एक पूर्ण रूप से सैचुरेटेड मॉडल विलेज तैयार करें। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला से गुजरने वाले हाईवे की सभी सेंट्रल वर्ज पर पौधरोपण किया जाए। पौधारोपण व रखरखाव के लिए मनरेगा श्रमिकों का उपयोग करें। बैठक में पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रोहतक एवं शिखा सहरावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### ओशो की शिक्षाओं को किया आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

समर्थगुरुधाम मुरथल में ओशो अवतरण दिवस पर पंजाब संघ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। पंजाब मैत्री संघ कोर्डिनेटर डॉक्टर मुनीश एवं नीलम दसुआ की अगुवाई में नृत्य, नाटिका व गीतों का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवांशहर, अमृतसर, जालंधर, माधोपुर की टीमों ने कई प्रोग्राम पेश किए जिसे समर्थगुरु समेत विभिन्न राज्यों से पहुंचे 800 से ज़्यादा साधकों ने सराहा। केंद्रीय कोर्डिनेटर आचार्य दर्शन ने कहा कि समर्थगुरु ने हज़ारों साधकों को अनुभव ज्ञान देकर ओशो को समझने एवं आत्मसात करने का अवसर दिया है। समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने प्रोग्राम के आख़िर में कहा कि समर्थगुरुधारा ओशो के सपनों को सही मायने में पूरा करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर रोहतक से वरिष्ठ आचार्य कुलदीप, दलशेर, राजू स्वामी, अनिल सरोहा, आचार्य अनहद, ओंकार, सुशील, डॉक्टर सीमा फोगाट, मोनिका,सुनीता, पुष्पांजली, अरुणिमा इत्यादी 28 साधक मुरथल आश्रम पहुंचे।

### डॉ. जगबीर ने अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में दिया व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जगबीर सिंह नरवाल ने इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंस एंड बिजनेस मैनेजमेंट में वर्चुअल माध्यम से अपना कीनोट व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. जगबीर नरवाल ने अपने प्रभावी सम्बोधन में मानविकी, सामाजिक विज्ञान और व्यवसाय प्रबंधन के बदलते परिदृश्य पर विस्तृत और गहन चर्चा की। उन्होंने समकालीन शोध प्रवृत्तियों, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों और नवाचारों के वैश्विक प्रभावों को स्पष्ट करते हुए बताया कि इन क्षेत्रों में होने वाले परिवर्तन आने वाले वर्षों में समाज और नीति-निर्माण को किस दिशा में ले जाएंगे। सम्मेलन समीक्षा समिति ने डॉ. नरवाल के सत्र की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उनका शोध-आधारित दृष्टिकोण और स्पष्ट विश्लेषण इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाई प्रदान करता है तथा अंतरराष्ट्रीय शोध संवाद को और अधिक सशक्त बनाता है। रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 15 से अधिक देशों के करीब 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# रैपिड एक्शन फोर्स और थाना आईएमटी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, जनता का बढ़ाया मनोबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत जिला रोहतक में रैपिड एक्शन फोर्स की ए/194 बटालियन द्वारा गुरुवार को थाना आईएमटी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च 194 बटालियन के कमांडेंट किशोर कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा सह-कमांडेंट एमएल मीणा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। फ्लैग मार्च में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के साथ थाना आईएमटी प्रभारी उप-निरीक्षक पंकज और जिला पुलिस की टीम भी शामिल रही। मार्च विभिन्न मुख्य मार्गों, बाज़ारों और संवेदनशील स्थानों से होकर गुजरा।

### लोगों में सुरक्षा की भावना जगाना मुख्य उद्देश्य

फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाना, जनता में पुलिस पर विश्वास पैदा करना और लोगों को भयमुक्त वातावरण का संदेश देना रहा। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक पंकज ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से जनता का मनोबल बढ़ता है, वर्दी के प्रति सम्मान बढ़ता है और असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण मजबूत होता है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने आम नागरिकों से संवाद भी किया और उन्हें संयम, भाईचारे व अमन-चैन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों की सुरक्षा स्थिति का भी जायजा लिया गया।

### महिला सशक्तिकरण व जागरूकता भी प्रमुख एजेंडा

सहायक कमांडेंट एम.एल. मीणा ने बताया कि फ्लैग मार्च सिर्फ सुरक्षा दिखाने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इससे लोगों में जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य जनता को भयमुक्त करना, महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, नागरिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति प्रेरित करना और समाज में सकारात्मक वातावरण बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि स्थानीय पुलिस क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाएंगे, ताकि लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जा सके और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया जा सके।

### क्षेत्र में बढ़ी पुलिस की सक्रियता

*फ्लैग मार्च से स्पष्ट संकेत मिला कि पुलिस क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सक्रिय हैं। नियमित गश्त, बैठकें, और जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।*

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किशनगढ़ में समाजसेवी दिनेश ने 214 विद्यार्थियों को जर्सी बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किशनगढ़ में एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत समाजसेवी दिनेश गोयल द्वारा विद्यालय के 214 विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सहूलियत प्रदान करना और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनकवाल उपस्थित रहीं। उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य अजमेर सिंह, डा. अर्जुन गोयल, विजय गोयल, ग्राम के सम्मानित व्यक्ति नारायण ग्रेवाल तथा सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। सरिता खनकवाल ने समाजसेवी दिनेश गोयल को उनके सामाजिक योगदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया और विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अर्जुन गोयल ने बताया कि दिनेश गोयल समय-समय पर समाज के हित में और बच्चों के प्रोत्साहन के लिए सकारात्मक कार्य करते रहते हैं। स्वच्छता अभियान से लेकर शिक्षा के क्षेत्र तक वह निरंतर सहयोग प्रदान करते रहे हैं। वहीं, विजय गोयल ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में भी उनकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए सहायता प्रदान की जाएगी। विद्यालय प्राचार्य अजमेर सिंह ने सभी अतिथियों एवं समाजसेवी दिनेश गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग बच्चों के विकास और विद्यालय के उत्थान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



### वार्डबंदी का कार्य पूरा

**सांपला।** नगर पालिका ने नई वार्डबंदी का काम पूरा कर लिया गया है। इसी क्रम में नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने पत्र जारी कर बताया है कि वार्डबंदी को लेकर आमजन को अपने सुझाव और आपत्तियां दर्ज करवाने का अवसर प्रदान किया गया था। यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 15 को चेयरमैन पद का ड्रा होगा। जबकि 19 दिसंबर को रोहतक नगर निगम कार्यालय में वार्डों का ड्रा निकाला जाएगा।

सूचना

NOTICE

I, Mukesh Rani W/o Satbir R/o Village Uan, Distt. Charkhi Dadri, Haryana declare that I have lost my alottment deed of Shop No. 12 at Kalanor anaj mandi on dated 30.11.2025 at 00:00 A.M. some where in the mandi.

# एमएसएमई तकनीकी केंद्र युवाओं को प्रशिक्षण के लिए करें प्रोत्साहित

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आईएमटी स्थित केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा संचालित किए जा रहे एमएसएमई तकनीकी सेंटर का दौरा किया तथा इस सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं व प्रशिक्षण कोर्सों के बारे में जानकारी ली। इस प्रशिक्षण केंद्र में एक माह से चार वर्ष अवधि के विभिन्न उद्योग आधारित कोर्स संचालित किए जा रहे है। आठवीं कक्षा व इससे अधिक शिक्षा प्राप्त करने वाले युवा इस केंद्र में प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षण के उपरांत तकनीकी सेंटर द्वारा युवाओं की विभिन्न उद्योगों में रोजगार प्राप्त करने में पूरी मदद की जाती है।

### ये हैं कोर्स

एडवांस डिप्लोमा इन टूल एंड डाई मेकिंग (चार वर्षीय), डिप्लोमा इन मैकेट्रॉनिक्स (तीन वर्षीय), आठवीं कक्षा पास के लिए सहायक ऑपरेटर कंवेंशनल मशीन (1200 घंटे), जूनियर टेक्रिशियन-टूल एंड डाई मेकर (1200 घंटे), जूनियर टेक्रिशियन इंस्पेक्शन एंड क्वालिटी कंट्रोल (600 घंटे), टेक्रिशियन सीएनसी मशीनिंग (600 घंटे), सहायक ऑपरेटर-सीएनसी टर्निंग (600 घंटे), सीएनसी प्रोग्रामर (600 घंटे), जूनियर डिजाइनर (600 घंटे), सीनियर टेक्रिशियन-मशीन मेंनटेंनेस एंड ऑटोमेशन (600 घंटे), सीनियर टेक्रिशियन-मैकेट्रॉनिस (600 घंटे), जूनियर टेक्रिशियन (कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्क, 390 घंटे), ऑटो कैड (96 घंटे), इलेक्ट्रिकल-कैड (96 घंटे), पीएलसी प्रोग्रामिंग (96 घंटे) तथा प्रोसेस ऑटोमेशन (300 घंटे) आदि कोर्स शामिल है।

## कलानौर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ खंड स्तरीय कार्यक्रम

# 18 थीम पर हुई ब्लॉक स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहक

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में बृहस्पतिवार को खंड स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कलानौर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के विजेता विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल के निर्देशन और विद्यालय प्राचार्य देवेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में किया गया। वहीं, कानूनी साक्षरता के अंतर्गत इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों और थीमों पर आधारित कई इवेंट्स में हिस्सा लिया। इस दौरान ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 18 थीमों पर आधारित 10 विभिन्न श्रेणियों में लगभग 200 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।



### कानूनी जागरूकता पर मिला महत्वपूर्ण संदेश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल ने कहा कि कानूनी साक्षरता भविष्य की पीढ़ी को विभिन्न अधिनियमों और कानूनों से परिचित करवाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को कानूनों का ज्ञान होने से वे अपने परिवार और समुदाय में घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, बाल श्रम जैसी अवैध और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैला सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में न्यायिक विषयों के प्रति समझ विकसित करती हैं व जीवन में कानूनी व्यवहार व संवेदनशीलता स्थापित करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

### पुरस्कार राशि बैंक खातों में जमा होगी

कार्यक्रम समन्वयक कर्मवीर खत्री ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तर पर विजेता प्रतिभागियों की पुरस्कार राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा करवाई जाएगी।

**विशेष अतिथि और निर्णायक मंडल की सराहनीय भूमिकाः** कार्यक्रम में प्राचार्य सुरेंद्र लाकड़ा, सविता और सुनीता की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन का कार्य अनुभवी अध्यापकों की टीम ने किया, जिसमें कृष्ण कुमार, एकता, राकेश कुमार, अलका मदान, कविता सोलंकी, ओमप्रभा, अटकान, मधु, शालू, संजय, अंजू और विजय कुमार रहे।

**प्रतिभागियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएंः** कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों, इंचार्ज अध्यापकों और ड्यूटी स्टाफ के लिए अच्छी रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई। विद्यालय प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया, जिसकी सभी अतिथियों और प्रतिभागियों ने सराहना की।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## भैयापुर-बोहर में विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों में निर्माण ढहाए

**रोहतक।** जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को गांव भैयापुर व बोहर में लगभग 11.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही 3 अवैध कॉलोनियों में 5 नींव, डब्ल्यूबीएम रोड, कच्चा रोड नेटवर्क, इंटरलॉक टाइल रोड, सीवरेज नेटवर्क तथा दो अवैध निर्माण को तोड़ा गया। प्रशासन का कहना है कि अवैध निर्माण अथवा अवैध कॉलोनियों को नहीं पनपने दिया जाएगा तथा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन की कमाई को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर अवैध निर्माण/कॉलोनी को गिराने का अभियान चलाया जाता है। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्रवाई समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जायेगी।



# हिसार रोड फैक्ट्री हादसा : पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- फैक्ट्री मालिक पर केस दर्ज, मामले की जांच शुरू

हिसार रोड स्थित एक फैक्ट्री में बुधवार दोपहर हुए भीषण हादसे में जान गंवाने वाले 54 वर्षीय सतवीर सिंह का गुरुवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। हादसे से जुड़े कई पहलुओं जैसे सुरक्षा चूक, तकनीकी खराबी व प्रबंधन की कथित लापरवाही की जांच के लिए विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया है।पुलिस जल्द ही फैक्ट्री में पहुंच कर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की भूमिका की जांच करेगी।




### धमाका इतना तेज कि आसपास के घर हिल गए

फैक्ट्री के नजदीक रहने वाले दीपक सहित कई स्थानीय निवासियों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि घरों की दीवारें तक कंपकपा उठीं और लोग दहशत में बाहर निकल आए। अंदर घुसने की कोशिश करने पर मजदूरों को रोक दिया गया, जिससे आक्रोश और बढ़ गया।

### बॉयलर धमाके में सतवीर की मौके पर मौत, एक मजदूर गंभीर

बुधवार दोपहर करीब 2 बजे एक फैक्ट्री में लगे बॉयलर में अचानक जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट इतना भीषण था कि बहु अकबरपुर निवासी सतवीर सिंह (54) की मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बिहार के छपरा निवासी 35 वर्षीय मजदूर राजेश कुमार गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआईएमएस रेफर किया गया है। उसकी हालत अब भी नाजुक बताई जा रही है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गंभीर जलन और चोटों की पुष्टि

गुरुवार सुबह पीजीआईएमएस में चिकित्सकों की टीम ने मृतक सतवीर का पोस्टमार्टम किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट में शरीर पर अत्यधिक जलन, पिघले हुए धातु के कणों से हुए गहरे घाव और विस्फोट की तीव्रता से झुलसने के प्रमाण मिले हैं। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप कर अंतिम संस्कार की अनुमति दी।

**विस्फोट का कारण तकनीकी खराबी या सुरक्षा मानकों की अनदेखी**

सिटी थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि फैक्ट्री मालिक और प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। तकनीकी जांच के लिए विशेषज्ञों को बुलाया गया है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि विस्फोट का कारण तकनीकी खराबी थी या सुरक्षा मानकों की अनदेखी।

## राजीव गांधी खेल परिसर में 15 तक चलेगी भर्ती, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# युवाओं ने अग्निवीर सेना भर्ती में बहाया पसीना, मैदान में दिखा देशभक्ति का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बृहस्पतिवार को राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित अग्निवीर सेना भर्ती में जिले भर से आए युवाओं का उत्साह देखने लायक था। सुबह-सुबह धुंध और ठंड के बीच भी युवाओं की लंबी कतारें मैदान के बाहर दिखाई दीं, जो यह साबित करती हैं कि भारतीय सेना में शामिल होने का जुनून आज भी युवाओं के दिलों में बरकरार है। अग्निवीर भर्ती के तहत पांच वर्ष की अवधि के लिए चयन किए जाने वाले उम्मीदवारों ने मैदान में जमकर पसीना बहाया। यह भर्ती प्रक्रिया 15 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें अलग-अलग दिनों में अलग-अलग जिलों के युवाओं को बुलाया गया है। 13 और 14 दिसंबर को सोनीपत और पानीपत जिलों के युवाओं की भर्ती आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन व सेना भर्ती संगठन की ओर से पूरे परिसर में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं।




### ठंड होने के बावजूद युवाओं के चेहरे पर गजब का उत्साह

बृहस्पतिवार सुबह से ही खेल परिसर के बाहर युवाओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। कई युवक अपने रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ पहुंचे थे, जबकि कुछ अकेले ही अपनी मेहनत और सपनों के दम पर मैदान में उतरने आए। ठंड होने के बावजूद युवाओं के चेहरे पर गजब का उत्साह था। प्रतिभागियों ने कहा कि अग्निवीर योजना ने सेना में शामिल होने का एक नया अवसर दिया है और वे इस मौके को हाथ से जाने देना नहीं चाहते। हर कोई जीतने की उम्मीद और सेवा का जुनून लेकर मैदान में मौजूद था।

### दौड़ से लेकर शारीरिक दक्षता तक कड़ी परीक्षा से गुजरे युवा

अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को कई चरणों की जांच से गुजरना पड़ता है। दौड़ भर्ती का सबसे अहम हिस्सा रही, जिसमें युवाओं ने पूरी ताकत लगा दी। दौड़ के बाद बैलेंस टेस्ट, हाई जम्प, जिगजैग रन, शारीरिक मापदंडों की जांच और दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। कई उम्मीदवारों के परिवारजन उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए परिसर के बाहर मौजूद रहे। मैदान में जगह-जगह सेना भर्ती संगठन के अधिकारी युवाओं को निर्देश देते नजर आए।

### डीसी ने सुविधाओं व प्रबंधों की समीक्षा की

डीसी सचिन गुप्ता ने वीरवार को राजीव गांधी खेल स्टेडियम में जारी भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का जायजा लिया। उन्होंने सेना के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ खेल स्टेडियम में उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं व प्रबंधों का निरीक्षण किया। स्टेडियम परिसर में सेना भर्ती कार्यालय द्वारा 15 दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। गुप्ता ने स्टेडियम में पहुंचकर सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल अनुराग सिंह, कर्नल सुजय बी तांबे तथा जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग, सुबेदार मेजर नरेंद्र कुमार के साथ भर्ती रैली के प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने सेना के अधिकारियों से भर्ती रैली बारे जानकारी ली।

### ग्राउंड में दिखी युवाओं की वास्तविक तैयारी

खेल परिसर में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि इस बार उम्मीदवारों की तैयारी पहले की तुलना में बेहतर दिखाई दे रही है। कई युवाओं ने दौड़ और शारीरिक दक्षता के परीक्षण में बढ़िया प्रदर्शन किया। कुछ अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्होंने भर्ती की तैयारी के लिए रोजाना सुबह-शाम अभ्यास किया है। एक युवक ने कहा कि मैं पिछले छह महीनों से सुबह 4 बजे उठकर दौड़ लगाता हूं। आज वही मेहनत काम आई।

### *पांच वर्ष के लिए चयन भविष्य में अवसर खुले*

*अग्निवीर योजना के तहत चयनित युवाओं को पांच वर्ष के लिए सेना में भर्ती किया जाता है। इस दौरान सैनिकों को आधुनिक सैन्य प्रशिक्षण, देशभर में काम करने का अवसर और अनुशासन व कौशल आधारित अनुभव मिलता है। सेवा अवधि पूर्ण होने पर कुछ प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित सैनिक के रूप में आगे चयन का मौका दिया जाता है, जबकि अन्य को कौशल प्रमाणपत्र, वित्तीय पैकेज और भविष्य में रोजगार के कई विकल्प मिलते हैं। सेना अधिकारियों ने बताया कि आज के दौर में युवा अनुशासन और फिटनेस को लेकर ज्यादा जागरूक हो रहे हैं।*

### *इन पदों पर हो रही भर्ती*

*भर्ती रैली में अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवीं पास व अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं पास के पदों पर भर्ती आयोजित की जा रही है। सामान्य प्रवेश परीक्षा पास करने वाले तथा भर्ती रैली के लिए चुने गए सभी उम्मीदवार भर्ती रैली में भाग ले रहे है। भर्ती रैली में चयनित किए गए उम्मीदवारों का शारीरिक परीक्षण, दस्तावेजों की जांच तथा चिकित्सा परीक्षा ली जा रही है।*

## बीएमयू के एनएसएस स्वयंसेवकों ने किला रोड पर किया नुक्कड़ नाटक



- स्वयंसेवकों ने सफाई के महत्व और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कुलपति प्रोफेसर डॉ. बी. एम. यादव के मार्गदर्शन में किला रोड बाजार में स्वच्छता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने सफाई के महत्व, प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख देकर स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस लीडर सृष्टि मलिक ने सभी को उद्देश्य और थीम के बारे में बताया। नुक्कड़ नाटक के दौरान स्वयंसेवकों ने दैनिक जीवन में स्वच्छता को शामिल करने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और कचरे को सही स्थान पर डालने जैसे संदेश सरल भाषा और प्रभावी अभिनय के जरिए लोगों तक पहुंचाए। कुलपति प्रो. डॉ. बी. एम. यादव ने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं है, यह जीवनशैली है। नुक्कड़ नाटक में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सुमन राठी, डॉ. प्रमिला, शोधार्थी सोनिका कादियान, नीरज जाखड़, पंकज राणा सहित स्वयंसेवक विक्रांत, परीक्षित, अश्विन, केशव, लव, सुगम, राखी, तमन्ना, सानिया और अन्य छात्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर दुकानदार सत्यवान चहल, राजू प्रधान, सोनू, अरुण सहित कई लोग मौजूद रहे और कार्यक्रम की सराहना की।

## रिटायर्ड पेंशनर्स कर्मचारियों का प्रदर्शन 17 को

**रोहतक।** रिटायर्ड पेंशनर्स कर्मचारी 17 दिसम्बर को पैंशन वित विधेयक 2025 को रद्द करवाने के लिए मानसरोवर पार्क में सुबह इक्ट्ठे होकर जोरदार धरना प्रदर्शन करेंगें। जिला प्रधान, जगपाल सांगवान, सचिव ओमप्रकाश कादियान, सूरजकौर अहलावत, रामनिवास सैनी ने संयुक्त ब्यान में कहा कि 8वें वेतन आयोग में पैशन बढ़ोतरी की मांग के लिए 17 दिसम्बर 2025 को दिल्ली, जंतर-मंतर पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बाद केन्द्रीय वित मंत्री से जो मीटिंग हुई थी, उसकी कार्रवाई रिपोर्ट अभी तक उजागर नहीं की गई। जिससे लगता है कि केन्द्र सरकार की नियत में खोट है। अब तक राष्ट्रव्यापी विरोध कारवाईयों के क्रम में 22 अप्रैल 2025, 15 जुलाई 2025, 17 सितम्बर 2025 को विरोध प्रदर्शन किये जा चुके हैं।

## नई राजधानी बनाने के लिए दिया ज्ञापन

**रोहतक।** हरियाणा राजधानी संघर्ष रोहतक समिति की बैठक मानसरोवर पार्क में हुई। जिसमें सरकार से मांग की गई है कि प्रदेश की नई राजधानी हरियाणा के बीच में बनाई जाए। मीटिंग में बताया गया कि राजधानी मध्य में होने से राज्य खर्चों में बचत होगी और लोगों परेशानियां कम होंगी, नए कार्यकलाप शुरू होंगे, जिस से राज्य के विकास की गति तेज होगा। बैठक के बाद समिति के पदाधिकारी डीसी ऑफिस पहुंचे और मांगपत्र नगराधीश अंकित कुमार को सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में एच सी मलिक, डॉ. शेर सिंह सांगवान, कर्नल समुद्र सिंह सांगवान, दयानंद चहल, सतवीर कादयान, महिपाल सांगवान, वेदपाल, जोरावर, प्रोफेसर जांगड़ा मौजूद रहे।

## कर्मचारियों ने सीएमओ को सौंपा मांगों का ज्ञापन

**रोहतक।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में तैनात एचकेआरएनएल और एनएचएम आउटसोर्स कर्मचारी को 2 महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी नेता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप पांचाल ने बताया कि 21 एचकेआरएनएल और एनएचएम आउटसोर्स के 4 कर्मचारियों ने स्वास्थ्य विभाग को ज्ञापन सौंप कर तुरंत वेतन जारी करने और जिला रोहतक से भिवानी भेजें गए कर्मचारियों को तुरंत अपने मूल स्थान पर भेजने की मांग की है। प्रदीप पांचाल ने बताया कि कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें खर्च चलाना मुश्किल हो गया है, इसलिए अब कर्मचारियों ने 15 दिन बाद फिर से सीएमओ से अपनी गुहार लगाई है।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**रोहतक।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला में पोषण भी-पढ़ाई भी (पीबीपीबी) प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलानौर व रोहतक खंडों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण वीरवार को संपन्न हो गए हैं। ये गत 9 दिसंबर से शुरू किए गए थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण और प्रारंभिक शिक्षा, दोनों को समान प्राथमिकता देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। यह प्रशिक्षण जिला में आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी कुमारी दीपिका सैनी तथा रॉकेट लर्निंग की जिला समन्वयक रिंकू कुमारी की देखरेख में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक स्थानीय महिला आश्रम में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण एवं शिक्षा (ईसीसीई) दोनों विषयों पर विस्तृत एवं वास्तविक रूप से जानकारी प्रदान की जा रही है।



# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने और ओवरस्पीड में गाड़ी चलाने वाले चालकों पर कड़ी निगरानी रखते हुए कार्रवाई की गई। जिले में विभिन्न स्थानों पर अल्कोहल सेंसर के साथ नाकेबंदी कर वाहनों की सख्ती से जांच की गई। पुलिस टीमों ने शाम और रात के समय विशेष रूप से हाईवे और व्यस्त मार्गों पर फोकस किया, जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव के 109 चालान

अभियान के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 109 चालकों के चालान किए गए। पुलिस ने साफ कहा है कि नशे की हालत में वाहन चलाना सड़क हादसों का प्रमुख कारण है और ऐसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### तेज गति से वाहन चलाने वाले भी निशाने पर

तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों पर भी सख्त कार्रवाई की गई। अभियान में ओवरस्पीड में पकड़े गए 120 वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस का कहना है कि तेज रफ्तार सड़क दुर्घटनाओं की सबसे बड़ी वजहों में से एक है, इसलिए इस पर नियंत्रण बेहद जरूरी है।

**अभियान आगे भी जारी रहेगा:** पुलिस ने संकेत दिया है कि इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी समय-समय पर चलाए जाएंगे। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई और जागरूकता दोनों का एक साथ प्रयोग करके सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**जागरूक** माऊंट आबू से ओम शांति सेंटर महम पहुंचे बीके अशोक, खान-पान व स्वास्थ्य के बारे में दी जानकारी

# शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर काम करना जरूरी : बीके अशोक

**व्यर्थ के विचार का इलाज डॉक्टर के पास भी नहीं होता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय माऊंट आबू से बीके अशोक वीरवार को महम के ओम शांति सेंटर पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति के लिए शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक व आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। हमारा शारीरिक स्वास्थ्य मन के विचारों से पूरी तरह प्रभावित होता है। व्यर्थ के विचार का इलाज डॉक्टर के पास भी नहीं होता। व्यर्थ विचारों को रोकने के लिए डॉक्टर मरीज को नींद की गोलियां देते हैं। ब्रह्माकुमारीज विश्वविद्यालय में रोजयोग के माध्यम से मन का इलाज किया जाता है। भोजन के जरिए भी मन का इलाज किया जा सकता है। संतुलित भोजन करके हम तन और मन को स्वस्थ बना सकते हैं। किसान के खेत में उगने से लेकर हमारी प्लेट में पहुंचने तक भोजन बहुत से लोगों की वाइब्रेशन से होकर गुजरता है। भोजन और पानी में वाइब्रेशन होती हैं। ये वाइब्रेशन हमारे तन और मन को प्रभावित करती हैं। इसलिए भोजन बनाते समय उसको अच्छी वाइब्रेशन की जरूरत होती है। भोजन अच्छे मन से और अच्छे विचारों से बनाना चाहिए।



**महम।** मंच पर प्रवचन सुनाते बीके अशोक भाई व उनके साथ मौजूद बीके चेतना और बीके सुमन। फोटो : हरिभूमि



**महम।** ओम शांति सेंटर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रवचन सुनते श्रद्धालु।

### *श्रोताओं को संबोधित किया*

*पानी की प्रकृति है कि उसकी जबरदस्त यादाश्त है। घर में या आस पास के वातावरण में होने वाली बुरी घटनाओं अथवा बातचीत को वह सुनता है तो उसका हमारे शरीर पर बुरा असर पड़ता है। छह महीने राजयोग का अभ्यास करके और संतुलित व सात्विक भोजन करके हम अपने जीवन को बदल सकते हैं। ओम शांति सेंटर की संचालिका बीके चेतना व सहसंचालिका बीके सुमन ने भी श्रोताओं को संबोधित किया। इस मौके पर सुरेंद्र बामल, जगदीश सचदेवा, अशोक नारंग, बीके अनुराधा, याचना, सिमरण, अतुल, पारस, संदीप व पुनीत समेत कई श्रोता मौजूद थे।*